विशद

कालसर्प दोष निवारक विधान

माण्डला

मध्य में – ॐ
प्रथम वलय में – 8 अर्घ्य
द्वितीय वलय में – 16 अर्घ्य
तृतीय वलय में – 20 अर्घ्य
कुल 44 अर्घ्य

रचयिता :
प. पू. साहित्य रत्नाकर आचार्य
श्री 108 विशदसागर जी महाराज

कृति : **विशद कालसर्प दोष निवारक विधान**

कृतिकार : प. पू. साहित्य रत्नाकर, क्षमामूर्ति
आचार्य श्री 108 विशदसागरजी महाराज

संस्करण : प्रथम-2016' प्रतियाँ : 1000

संकलन : मुनि श्री 108 विशालसागरजी महाराज

सहयोगी : क्षुल्लक श्री 105 विसोमसागरजी क्षु. श्री भक्तिभारती माताजी, क्षु. श्री वात्सल्यभारती माताजी

संपादन : ब्र. ज्योति दीदी (9829076085) ब्र. आस्था दीदी9660996425, ब्र. सपना दीदी ब्र. आरती दीदी

E-mail : vishadsagar11@gmail.com

प्राप्ति स्थल : 1. जैन सरोवर समिति, निर्मलकुमार गोधा,
2142, निर्मल निकुंज, रेडियो मार्केट
मनिहारों का रास्ता, जयपुर
फोन : 0141-2319907 (घर) मो. : 9414812008

2. श्री राजेशकुमार जैन ठेकेदार
ए-107, बुध विहार, अलवर, मो. : 9414016566

3. विशद साहित्य केन्द्र
श्री दिगम्बर जैन मंदिर कुआँ वाला जैनपुरी
रेवाड़ी (हरियाणा), 9812502062, 09416888879

4. विशद साहित्य केन्द्र, हरीश जैन
जय अरिहन्त ट्रेडर्स, 6561 नेहरू गली
नियर लाल बत्ती चौक, गांधी नगर, दिल्ली
मो. 09818115971, 09136248971

मूल्य : 25/- रु. मात्र

-: अर्थ सौजन्य :-

श्री प्रकाश चन्द ओम देवी श्रीमाल
104/132 मीरा मार्ग, मानसरोवर जयपुर
मो.: 9828555554

मुद्रक : पारस प्रकाशन, शाहदरा, दिल्ली. फोन नं. : 09811374961, 09818394651
09811363613, E-mail : pkjainparas@gmail.com, kavijain1982@gmail.com

कालसर्पयोग दोष निवारण यंत्र मंडल एवं पूजन अनुष्ठान सामग्री

कलिकुंड श्री पार्श्वनाथ यंत्र,
श्रीफल 7,
नाग मोहिनी लकड़ी 50 ग्राम,
मूंग हरी खड़ी 50 ग्राम,
धनिया खड़ी 50 ग्राम,
एक कलश कांसे का
(लोहे स्टील का नहीं) 1,
चाँदीका सातिया 1,
काली उड़द 100 ग्राम,
खड़ी हल्दी 50 ग्राम,
कपूर 50 ग्राम,
केसर 1 ग्राम,
पीला सरसों 100 ग्राम,
घी 250 ग्राम,
रक्षा सूत्र 1 लच्छी,
इलायची 10 ग्राम,
गूगल 10 ग्राम,
लाल चंदन 50 ग्राम,
काली सरसों 50 ग्राम,
गुड़ 100 ग्राम,
नारियल चिटक 50 ग्राम,
चाँवल 5 किलो,
पिसी हल्दी 50 ग्राम,
नारियल गोले 5,
बादाम 500 ग्राम,
लौंग 100 ग्राम,
सुपारी बड़ी 100 ग्राम,
सर्प जोड़ा 1
दीपक 2 बड़े,
कुंड मिट्टी के 1 बड़ा,
सफेद कपड़ा 7 मीटर,
पीला कपड़ा 1/2 मीटर,
दूध 100 ग्राम,
आम की लकड़ी 1/2 किलो
देवदार लकड़ी 1/2 किलो
कुछ समान मंदिर या घर से
जुटाना टेबिल, चौकी, चटाई
पूजन बर्तन सेट
मयूर पिच्छी, लाल मिर्च साबुत 11

कालसर्प निवारण के कुछ सहज उपाय

1. आप सच्चे देव की दर्शन पूजन जाप अवश्य करें।
2. शक्तिनुसार अपाहिज को भोजन करावें।
3. अपने ऊपर काले उड़द 25 ग्राम लेकर ऊपर से नीचे को लेकर बाहर फेंक दें।
4. काले सरसों को अपने ऊपर नौ बार णमोकार मंत्र पढ़कर किसी गड्ढे में या नदी में डालें।
5. अपने पास में हमेशा छोटा सा मोर पंख रखें।
6. अपने हाथ में हमेशा रक्षा सूत्र पंचरंगा ही बांधकर रखें।
7. प्रतिदिन सोने के स्थान पर छोटे दीपक में मीठा दूध भरकर रखें। और दीपक का दूध गमलें में डाल और उसकी मिट्टी 6 महीने में गांव या शहर के बाहर डाल दें उसमें नवीन मिट्टी डालें।
8. हर महीने अपने सिर से पाँच बालों को हाथ से उखाड़कर अग्नि में जलाये।
9. हर महीने अपने ऊपर से नारियल को 9 बार घुमाकर किसी नदी के या तालाब किनारे छोड़ें।
10. नागमोहनी लकड़ी को 11 बार णमोकार मंत्र पढ़कर ऊपर से घुमाकर गाँव के बाहर छोड़ें या गड्ढे में डालें।
11. गूगल को 21 बार णमोकार मंत्र पढ़कर अपने ऊपर घुमाकर अग्नि में जलाये।
12. प्रति रविवार श्री पार्श्वनाथ प्रतिमा के सामने या वेदी पर नारियल चढ़ाएं। अनुष्ठान या निवारण हो जाने के बाद नहीं चढ़ाना।
13. श्री कालसर्प निवारण स्तोत्र प्रतिदिन पढ़े।
14. केतु ग्रह के निवारण हेतु श्री पार्श्वनाथ पूजन प्रतिदिन करें।

15. राहू ग्रह के निवारण हेतु श्री नेमिनाथ की पूजन जाप करें।
16. कालसर्प निवारण की जाप चाँदी की या सफेद रंग की माला से करें।
17. केतु ग्रह की शांति जाप–**ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् ग्रह शांति कुरू कुरू नमः स्वाहा।**
18. राहू ग्रह की शांति जाप–**ॐ ह्रीं राहू ग्रह अरिष्ट निवारक श्री नेमिनाथाय नमः मम् ग्रह शांति कुरू कुरू नमः स्वाहा।**
19. कालसर्प योगी तेल एवं काली चीजों का सेवन न करें।
20. कालसर्प योगी को चंदन या केशर का तिलक लगाना चाहिए।
21. कालसर्प योगी मधु, मांस, शराब का सेवन न करें।
22. रविवार को विशेष रूप से ब्रह्मचर्य से रहें।
23. कालसर्प योग निवारण के उपरांत उपरोक्त क्रियाएं नहीं करना।
24. कालसर्प योग निवारण का सर्प जैसा विष उतारने वाला मंत्र होता है उसके द्वारा झड़वाना आवश्यक है। उस मंत्र को दो साल में सिद्ध किया जाता है।

नोट : हर किसी से यह निवारण न करावें

कालसर्प निवारण अनुष्ठान विधि

1. पूजा करने वाले व्यक्ति को बिना खाये पिये पूजन करना चाहिए।
2. कलिकुंड श्री पार्श्वनाथ यंत्र के सामने पूजन प्रातःकाल ही करना चाहिए।
3. पूजन के पहले देवआज्ञा एवं जातक की शुद्धि करें।
4. जातक को रक्षा बंधन से वेष्ठित करें।
5. तिलक लगाकर संकल्पित करें।
6. मंगलाष्टक। दिग्बंधन, मंडल स्थापना।
7. मंडल पर जातक द्वारा मंगल कलश एवं दीपक स्थापना करावे।

8. कालसर्प निवारक शांतिधारा जातक द्वारा कलिकुंड श्री पार्श्वनाथ यंत्र पर कराई जावे।
9. विनय पाठ एवं नित्यनियम पूजा, नवदेवता पूजा करे।
10. सर्वग्रह अरिष्ट निवारक चौबीसी पूजा।
11. राहूग्रह अरिष्ट निवारक नेमिनाथ भगवान की पूजा।
12. केतू ग्रह अरिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ पूजा
13. कालसर्प योग निवारक विशिष्ट अर्घ मंडल पूजा।
14. कालसर्प विधान में जातक से 8 दिशाओं के आगत कष्ट निवारक अर्घं।
15. 4 तीर्थकर अर्घं पूजा।
16. मंडल पर प्रत्येक वलय में प्रत्येक जातक द्वारा 11, 11 अर्घं चढ़ावें।
17. चार वलय के 44 अर्घं प्रत्येक वलय का श्रीफल चढ़ावे।
18. जयमाला, महार्घ, शांतिपाठ, विसर्जन।
19. जातक के ऊपर कालसर्प योग निवारण की विशेष विधियाँ विशिष्ट अनुष्ठान जानकार कर्ता के द्वारा कुंड के सामने बैठाकर क्रिया कराई जावें।
20. विधियां हो जाने के बाद जातक भोजन करें एवं भोजन के उपरांत भगवान के 1008 नाम जातक स्वयं पढ़े या दूसरे से सुनें।
21. जातक को उस दिन तले हुए पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए।

विशेष–कालसर्प दोष व सर्वसंकट निवारण हेतु यह विधान अवश्य करे।

संकलन–मुनि विशाल सागर

मूलनायक सहित समुच्चय पूजन

(स्थापना)

तीर्थंकर कल्याणक धारी, तथा देव नव कहे महान्।
देव-शास्त्र--गुरु हैं उपकारी, करने वाले जग कल्याण।।
मुक्ती पाए जहाँ जिनेश्वर, पावन तीर्थ क्षेत्र निर्वाण।
विद्यमान तीर्थंकर आदि, पूज्य हुए जो जगत प्रधान।।
मोक्ष मार्ग दिखलाने वाला, पावन वीतराग विज्ञान।
विशद हृदय के सिंहासन पर, करते भाव सहित आह्वान।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञान! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितौ भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(शम्भू छन्द)

जल पिया अनादी से हमने, पर प्यास बुझा न पाए हैं।
हे नाथ! आपके चरण शरण, अब नीर चढ़ाने लाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल रही कषायों की अग्नि, हम उससे सतत सताए हैं।
अब नील गिरि का चंदन ले, संताप नशाने आए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

गुण शाश्वत मम अक्षय अखण्ड, वह गुण प्रगटाने आए हैं।
निज शक्ति प्रकट करने अक्षत, यह आज चढ़ाने लाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पों से सुरभी पाने का, असफल प्रयास करते आए।
अब निज अनुभूति हेतु प्रभु, यह सुरभित पुष्प यहाँ लाए।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

निज गुण हैं व्यंजन सरस श्रेष्ठ, उनकी हम सुधि बिसराए हैं।
अब क्षुधा रोग हो शांत विशद, नैवेद्य चढ़ाने लाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञाता दृष्टा स्वभाव मेरा, हम भूल उसे पछताए हैं।
पर्याय दृष्टि में अटक रहे, न निज स्वरूप प्रगटाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

जो गुण सिद्धों ने पाए हैं, उनकी शक्ती हम पाए हैं।
अभिव्यक्त नहीं कर पाए अतः, भवसागर में भटकाए हैं।।

जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्तम से भी उत्तम शुभ, शिवफल हे नाथ ना पाए हैं।
कर्मोंकृत फल शुभ अशुभ मिला, भव सिन्धु में गोते खाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

पद है अनर्घ मेरा अनुपम, अब तक यह जान न पाए हैं।
भटकाते भाव विभाव जहाँ, वह भाव बनाते आए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा–**प्रासुक करके नीर यह, देने जल की धार।**
लाए हैं हम भाव से, मिटे भ्रमण संसार।। शान्तये शांतिधारा...

दोहा–**पुष्पों से पुष्पाञ्जली, करते हैं हम आज।**
सुख-शांति सौभाग्यमय, होवे सकल समाज।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्...

पंच कल्याणक के अर्घ्य

तीर्थंकर पद के धनी, पाएँ गर्भ कल्याण।
अर्चा करें जो भाव से, पावे निज स्थान।।1।।

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महिमा जन्म कल्याण की, होती अपरम्पार।
पूजा कर सुर नर मुनी, करें आत्म उद्धार।।2।।

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्त मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

तप कल्याणक प्राप्त कर, करें साधना घोर।
कर्म काठ को नाशकर, बढ़ें मुक्ति की ओर।।3।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

प्रगटाते निज ध्यान कर, जिनवर केवलज्ञान।
स्व-पर उपकारी बनें, तीर्थंकर भगवान।।4।।

ॐ ह्रीं ज्ञानकल्याणकप्राप्त मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

आठों कर्म विनाश कर, पाते पद निर्वाण।
भव्य जीव इस लोक में, करें विशद गुणगान।।5।।

ॐ ह्रीं मोक्षकल्याणकप्राप्त मूलनायक...सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जयमाला

दोहा- **तीर्थंकर नव देवता, तीर्थ क्षेत्र निर्वाण।**
देव शास्त्र गुरुदेव का, करते हम गुणगान।।

(शम्भू छन्द)

गुण अनन्त हैं तीर्थंकर के, महिमा का कोई पार नहीं।
तीन लोकवर्ति जीवों में, ओर ना मिलते अन्य कहीं।।
विंशति कोड़ा-कोड़ी सागर, कल्प काल का समय कहा।
उत्सर्पण अरु अवसर्पिण यह, कल्पकाल दो रूप रहा।।1।।
रहे विभाजित छह भेदों में, यहाँ कहे जो दोनों काल।
भरतैरावत द्वय क्षेत्रों में, कालचक्र यह चले त्रिकाल।।
चौथे काल में तीर्थंकर जिन, पाते है पाँचों कल्याण।
चौबिस तीर्थंकर होते हैं, जो पाते हैं पद निर्वाण।।2।।
वृषभनाथ से महावीर तक, वर्तमान के जिन चौबीस।
जिनकी गुण महिमा जग गाए, हम भी चरण झुकाते शीश।।
अन्य क्षेत्र सब रहे अवस्थित, हों विदेह में बीस जिनेश।

एक सौ साठ भी हो सकते हैं, चतुर्थकाल यहाँ होय विशेष।।3।।
अर्हन्तों के यश का गौरव, सारा जग यह गाता है।
सिद्ध शिला पर सिद्ध प्रभु को, अपने उर से ध्याता है।।
आचार्योपाध्याय सर्व साधु हैं, शुभ रत्नत्रय के धारी।
जैनधर्म जिन चैत्य जिनालय, जिनवाणी जग उपकारी।।4।।
प्रभु जहाँ कल्याणक पाते, वह भूमि होती पावन।
वस्तु स्वभाव धर्म रत्नत्रय, कहा लोक में मनभावन।।
गुणवानों के गुण चिंतन से, गुण का होता शीघ्र विकाश।
तीन लोक में पुण्य पताका, यश का होता शीघ्र प्रकाश।।5।।
वस्तु तत्त्व जानने वाला, भेद ज्ञान प्रगटाता है।
द्वादश अनुप्रेक्षा का चिन्तन, शुभ वैराग्य जगाता है।।
यह संसार असार बताया, इसमें कुछ भी नित्य नहीं।
शाश्वत सुख को जग में खोजा, किन्तु पाया नहीं कहीं।।6।।
पुण्य पाप का खेल निराला, जो सुख-दुःख का दाता है।
और किसी की बात कहें क्या, तन न साथ निभाता है।।
गुप्ति समिति धर्मादि का, पाना अतिशय कठिन रहा।
संवर और निर्जरा करना, जग में दुर्लभ काम कहा।।7।।
सम्यक् श्रद्धा पाना दुर्लभ, दुर्लभ होता सम्यक् ज्ञान।
संयम धारण करना दुर्लभ, दुर्लभ होता करना ध्यान।।
तीर्थंकर पद पाना दुर्लभ, तीन लोक में रहा महान्।
विशद भाव से नाम आपका, करते हैं हम नित गुणगान।।8।।
शरणागत के सखा आप हो, हरने वाले उनके पाप।
जो भी ध्याये भक्ति भाव से, मिट जाए भव का संताप।।
इस जग के दुःख हरने वाले, भक्तों के तुम हो भगवान।
जब तक जीवन रहे हमारा, करते रहें आपका ध्यान।।9।।

दोहा- **नेता मुक्ती मार्ग के, तीन लोक के नाथ।**
शिवपद पाने आये हम, चरण झुकाते माथ।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक.....सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- **हृदय विराजो आन के, मूलनायक भगवान।**
मुक्ति पाने के लिए, करते हम गुणगान।।

।। इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् ।।

नवग्रह अरिष्ट निवारक पूजन

(स्थापना)

कर्मों ने काल अनादी से, हमको जग में भरमाया है।
मिलकर कर्मों के साथ सभी, नवग्रहों ने हमें सताया है।।
अब सूर्य चंद्र बुध भौम-गुरू, अरु शुक्र शनि राहू केतु।
आह्वानन करते जिनवर का, हम नवग्रह की शांति हेतू।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिना:। अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठ: ठ: स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरण्।

(पाइता छंद)

निर्मल यह नीर चढ़ाएँ, जन्मादिक रोग नशाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।1।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभित ये गंध चढ़ाएँ, संसार ताप विनशाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।2।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत ये धवल चढ़ाएँ, पावन अक्षय पद पाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।3।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पों से पूज रचाएँ, हम काम रोग विनसाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।4।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे नैवेद्य चढ़ाएँ, हम क्षुधा से मुक्ती पाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।5।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत का शुभ दीप जलाएँ, हम मोह तिमिर विनसाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।6।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभित ये धूप जलाएँ, कर्मों से मुक्ती पाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।7।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल से हम पूज रचाएँ, मुक्ती फल शिव पा जाएँ।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।8।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

पावन ये अर्घ्य बनाए, पाने अनर्घ्य पद आए।
हम ग्रहारिष्ट जिन ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।9।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक पंचकल्याणक प्राप्त श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- देके शांतीधार हम, पाएँ सम्यक् ज्ञान।
प्रकट होय मेरे विशद, वीतराग विज्ञान।।

।।शांतये शांतिधारा।।

दोहा- पुष्पों से पुष्पाञ्जलि, करते हैं हम आज।
यही भावना है विशद, पाएँ निज स्वराज।।

।।दिव्य पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।।

नवग्रह अरिष्ट निवारक अर्घ्य

(चौपाई)

ग्रहारिष्ट रवि शांती पाए, पद्म प्रभु पद शीश झुकाए।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।1।।

ॐ ह्रीं रविग्रहारिष्ट निवारक श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाह।

ग्रहारिष्ट चन्द्र जिन स्वामी, शांत किए होके शिवगामी।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।2।।
ॐ ह्रीं चन्द्रग्रहारिष्ट निवारक श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नहीं भौम ग्रह भी रह पाए, वासुपूज्य को पूज रचाए।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।3।।
ॐ ह्रीं भौमग्रहारिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विमलादी वसु जिन को ध्यायें, ग्रहारिष्ट बाधा विनशाएँ।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।4।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्ट निवारक श्री विमल, अनंत, धर्म, शांति, कुन्थु, अरह, नमि, वर्धमान अष्ट जिनेन्द्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऋषभादी वसु जिन शिवकारी, ग्रहारिष्ट गुरु नाशनहारी।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।5।।
ॐ ह्रीं गुरुग्रहारिष्ट निवारक श्री ऋषभ, अजित, संभव, अभिनन्दन, सुमति, सुपार्श्व, शीतल, श्रेयांस अष्ट जिनवरेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

शुक्रारिष्ट निवारक गाए, पुष्पदन्त स्वामी मन भाए।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।6।।
ॐ ह्रीं शुक्रग्रहारिष्ट निवारक श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिसुव्रत की महिमा गाए, शनि अरिष्ट ग्रह ना रह पाए।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।7।।
ॐ ह्रीं शनिग्रहारिष्ट निवारक श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नेमिनाथ पद पूज रचाये, राहु अरिष्ट नहीं रह पाये।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।8।।
ॐ ह्रीं राहुग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ग्रहारिष्ट केतू नश जाये, मल्लि पार्श्व का ध्यान लगाये।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।9।।
ॐ ह्रीं राहुग्रहारिष्ट निवारक श्री मल्लि-पार्श्व जिनेन्द्रेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

चौबिस जिनवर को जो ध्याते, ग्रहारिष्ट से शांती पाते।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, सुख-शान्ती सौभाग्य जगाएँ।।10।।
ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक श्री चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जाप्य मंत्र–ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः मम सर्व ग्रहारिष्ट शांतिं कुरु-कुरु स्वाहा।

जयमाला

दोहा– गगन मध्य में ग्रहों का, फैला भारी जाल।
ग्रह शांती के हेतु हम, गाते हैं जयमाल।।

(चौबोलो छन्द)

जगत गुरू को नमस्कार मम्, सद्गुरु भाषित जैनागम्।
ग्रह शांती के हेतु कहूँ मैं, सर्व लोक सुख का साधन।।
नभ में अधर जिनालय में जिन, बिम्बों को शत् बार नमन्।
पुष्प विलेपन नैवेद्य धूप युत, करता हूँ विधि से पूजन।।1।।
सूर्य अरिष्ट ग्रह होय निवारण, पद्म प्रभु के अर्चन से।
चन्द्र भौम ग्रह चन्द्र प्रभु अरु, वासुपूज्य के वन्दन से।।
बुध ग्रह अरिष्ट निवारक वसु जिन, विमलानन्त धर्म जिन देव।
शांति कुन्थु अर नमी सुसन्मति, के चरणों में नमन् सदैव।।2।।
गुरु ग्रह की शांति हेतू हम, वृषभाजित सुपार्श्व जिनराज।
अभिनन्दन शीतल श्रेयास जिन, सम्भव सुमति पूजते आज।।
शुक्र अरिष्ट निवारक जिनवर, पुष्पदंत के गुण गाते।
शनिग्रह की शांति हेतु प्रभु, मुनिसुव्रत को हम ध्याते।।3।।
राहु ग्रह की शांति हेतु प्रभु, नेमिनाथ गुणगान करें।
केतू ग्रह की शांति हेतु प्रभु, मल्लि पार्श्व का ध्यान करें।।
वर्तमान चौबीसी के यह, तीर्थंकर हैं सुखकारी।
आधि व्याधि ग्रह शांती कारक, सर्व जगत मंगलकारी।।4।।
जन्म लग्न राशी के संग ग्रह, प्राणी को पीड़ित करते।
बुद्धिमान ग्रह नाशक जिनकी, अर्चा कर पीड़ा हरते।।

पंचम युग के श्रुत केवली, अन्तिम भद्रबाहु मुनिराज।
नवग्रह शांति विधि दाता पद, विशद वन्दना करते आज।।5।।

दोहा– चौबीसों जिन राज की, भक्ति करें जो लोग।
नवग्रह शांति कर 'विशद', शिव का पावें योग।।

ॐ ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक श्री चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा– चौबीसों जिनदेव, मंगलमय मंगल परम।
मंगल करें सदैव, नवग्रह बाधा शांत हो।।

।।इति पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।।

राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ पूजा

स्थापना (सखी छन्द)

जिनको जग भोग ना भाए, वे मुक्ती पथ अपनाए।
हे नेमिनाथ जगनामी, आह्वानन् करते स्वामी।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर-अवतर संवौषट आह्वाननं। ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(भुजंग प्रयात)

प्रभु के चरण तीन धारा कराएँ,
सभी पाप मल धोके पावन कहाएँ।
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ।।1।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।

कपूरादि चंदन महांगध लाए,
परम मोक्ष गामी की पूजा को आए।
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ।।2।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय भवाताप विनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।

धुले शालि तन्दुल धरे पुञ्ज आगे,
निजानन्द पाएँ सभी शोक भागें
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ।।3।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

सुगंधित सुमन ले बनाई ये माला,
चढ़ाते चरण काम को मार डाला।
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ।।4।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

सरस मिष्ठ नैवेद्य ताजे बनाएँ,
प्रभू पूजते भूख व्याधी नशाएँ।
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ।।5।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

जले ज्योति कर्पूर की ध्वांत नाशें,
करें आरती ज्ञान ज्योती प्रकाशें।
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ।।6।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्व. स्वाहा।

सुगन्धित सुरभि धूप खेते अगनि में,
सभी कर्म की भस्म हो एक क्षण में।
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ।।7।।

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री फलादि ताजे ये चरणों चढ़ाएँ,
मिले मोक्ष फल नाथ शिव सौख्य पाएँ
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ॥8॥

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

उदक गंध आदिक मिला अर्घ्य लाए,
सुपद श्रेष्ठ शाश्वत प्रभू पाने आए।
श्री नेमि जिन की हम पूजा रचाएँ,
लगे कर्म अपने सभी हम नशाएँ॥9॥

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा

शांती धारा कर मिले, मन में शांति अपार।
अतः भाव से आज हम, देते शांतीधार॥

(शान्तये शांतीधारा)

दोहा

करते हैं पुष्पाञ्जली, पाने शिव सोपान।
विशद भाव से आज हम, करते हैं गुणगान॥

(दिव्य पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

पञ्चकल्याणक के अर्घ्य

(चाल छन्द)

भूलोक पूर्ण हर्षाया, गर्भागम प्रभु ने पाया।
कार्तिक सुदि षष्ठी पाए, प्रभु स्वर्ग से चयकर आए॥1॥

ॐ ह्रीं कार्तिक शुक्लाषष्ठम्यां गर्भ मंगलमण्डिताय राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रावण सुदि षष्ठी स्वामी, जन्मे जिन अन्तर्यामी।
भू पे छाई उजियाली, पा दिव्य दिवाकर लाली॥2॥

ॐ ह्रीं श्रावण शुक्लाषष्ठम्यां जन्म मंगलमण्डिताय राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रावण सुदि षष्ठी गाई, नेमी जिन दीक्षा पाई।
पशुओं का बन्धन तोड़ा, इस जग से मुख को मोड़ा॥3॥

ॐ ह्रीं श्रावण शुक्लाषष्ठम्यां तप मंगलमण्डिताय राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अश्विन सुदि एकम जानो, प्रभु ज्ञान जगाए मानो।
शिव पथ की राह दिखाए, जीवों को अभय दिलाए॥4॥

ॐ ह्रीं आश्विन शुक्ला प्रतिपदायां केवलज्ञान मण्डिताय राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आठें आषाढ़ सुदि गाई, भव से प्रभु मुक्ती पाई।
नश्वर शरीर यह छोड़े, कर्मों के बन्धन तोड़े॥5॥

ॐ ह्रीं श्रावण शुक्ला अष्टम्यां मोक्षमंगल प्राप्त राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा– जिन अर्चा जो भी करें, वे हों मालामाल।
नेमिनाथ भगवान की, गाएँ नित गुणमाल॥

(तोटक छन्द)

जय नेमिनाथ चिद्रूपराज, जय जय जिनवर तारण जहाज।
जय समुद्र विजय जग में महान, प्रभु शिवादेवि के गर्भ आन॥1॥
अनहद बाजों की बजी तान, सुर पुष्प वृष्टि कीन्हे महान।
सुर जन्म कल्याणक किए आन, है शंख चिन्ह जिनका प्रधान॥2॥
ऊँचाई चालिस रही हाथ, इक सहस आठ लक्षण सनाथ।
है श्याम रंग तन का महान, इस जग में जिनकी अलग शान॥3॥
जीवों पर करुणा आप धार, मन में जागा वैराग्य सार।
झंझट संसारी आप छोड़, गिरनार गये रथ आप मोड़॥4॥

कर केश लुंच व्रत लिए धार, संयम धारे हो निर्विकार॥
फिर किए आत्म का प्रभू ध्यान, तब जगा आपको विशद ज्ञान॥5॥
तब दिव्य देशना दिए नाथ, सुर नर पशु सुनते एक साथ।
फिर करके सारे कर्म नाश, गिरनार से पाए मोक्ष वास॥6॥

दोहा– भोगों को तज योग धर, दिए 'विशद' सन्देश।
वरने शिव रानी चले, धार दिगम्बर भेष॥

ॐ ह्रीं राहू ग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– गुणाधार योगी बने, अपनाया शिव पंथ।
मोक्ष महल में जा बसे, किया कर्म का अंत॥

॥इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्॥

केतुग्रहारिष्ट एवं कालसर्प निवारक श्री पार्श्वनाथ पूजा

स्थापना (सखी छन्द)

उपसर्गों पर जय पाए, वे पार्श्वनाथ कहलाए।
जिनकी महिमा जग गाए, हम आह्वान को आए॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर-अवतर संवौषट आह्वाननं। ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(शम्भू छन्द)

क्षीरोदधि का पय सम जल प्रभु, धारा देने लाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥1॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।

मलयागिर चन्दन केसर घिस, चरण चढ़ाने लाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥2॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय भवाताप विनाशनाय

चंदनं निर्व. स्वाहा।

अक्षय सुख पाने को अक्षत, पुञ्ज चढ़ाने लाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥3॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

सुरतरु के यह सुमन मनोहर, नाथ चढ़ाने लाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥4॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

घृत के यह नैवेद्य सरस शुभ, ताजे नाथ बनाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥5॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

गौघृत भर कंचन दीपक में, दीपक ज्योति जलाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥6॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्व. स्वाहा।

कृष्णागरू की धूप बनाकर, अग्नी बीच जलाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥7॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पिस्ता अरु बादाम सुपारी, थाल में श्रीफल लाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥8॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत आदिक से, हम यह अर्घ्य बनाए हैं।
पार्श्व प्रभू के श्री चरणों में, पूजा करने आये हैं॥9॥

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय

अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा–देते शांती धार हम, लेकर पावन नीर।
पाएँ हम भाव सिन्धु का, अतिशीघ्र ही तीर।।

(शान्तये शांतीधारा)

दोहा–देते पुष्पों से पुष्पाञ्जली, देते बारम्बार।
यही भावना है विशद, पाना भव से पार।।

(दिव्य पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

पञ्चकल्याणक के अर्घ्य

(दोहा)

वैशाख कृष्ण द्वितिया प्रभू, पाए गर्भ कल्याण।
चय हो अच्युत स्वर्ग से, भूपर किए प्रयाण।।1।।

ॐ ह्रीं वैशाख कृष्णा द्वितीयायां गर्भकल्याणक प्राप्त केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पौष कृष्ण एकादशी, जन्मे पारस नाथ।
सुर नरेन्द्र देवेन्द्र सब, चरण झुकाए माथ।।2।।

ॐ ह्रीं पौषबदी ग्यारस जन्मकल्याणक प्राप्त केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पौष कृष्ण एकादशी, छोड़ दिया परिवार।
संयम धारण कर बने, पार्श्व प्रभू अनगार।।3।।

ॐ ह्रीं पौषबदी ग्यारस तपकल्याणक प्राप्त केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चैत कृष्ण वदि चौथ को, पाए केवल ज्ञान।
समवशरण रचना किए, आके देव प्रधान।।4।।

ॐ ह्रीं चैत्रवदी चतुर्थी कैवल्य ज्ञानकल्याणक प्राप्त केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रावण शुक्ला सप्तमी, करके आतम ध्यान।
कर्म नाश करके प्रभू, पाए पद निर्वाण।।5।।

ॐ ह्रीं सावनसुदी सप्तमी मोक्षकल्याणक प्राप्त केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा– ध्यान लगाया आपने, जीते सब उपसर्ग।
गुण माला गाते विशद, पाने हम अपवर्ग।।

(राधेश्याम छन्द)

इन्द्र नरेन्द्र महेन्द्र सुरेन्द्र, गणेन्द्र सुमहिमा गाते हैं।
जिनवर के पञ्च कल्याणक में, खुश हो जयकार लगाते हैं।।1।।
जब गर्भागम में प्रभु आते, तब रत्न वृष्टि करते भारी।
यह तीर्थंकर प्रकृति का फल, इस जग में गाया शुभकारी।।2।।
जब जन्म कल्याणक होता है, तब यशोगान सुर करते हैं।
तीनों लोकों के जीव सभी, उस समय भाव शुभ करते हैं।।3।।
इस जग में रहकर के स्वामी, इस जग में न्यारे रहते हैं।
सबसे रहते हैं वह विरक्त, सब उनको अपना कहते हैं।।4।।
गुणगान करें सब जीव सदा, यह पुण्य की ही बलिहारी है।
जो उभय लोक में जीवों को, होता शुभ मंगलकारी है।।5।।
सब कर्म नाश करके स्वामी, मुक्ती पथ पर बढ़ जाते हैं।
है शिवनगरी में सिद्धशिला, जिस पर निज धाम बनाते हैं।।6।।
अब ग्रह शांती पाने हेतू, श्री पार्श्वनाथ को ध्याते हैं।
हम बनें मोक्ष पथ के राही यह विशद भावना भाते हैं।।7।।

दोहा– यह संसार असार है, जान सके ना नाथ!।
आज ज्ञान हमको हुआ, अतः झुकाते माथ।।

ॐ ह्रीं केतु ग्रहारिष्ट निवारक श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– भक्त कई तारे प्रभू, आई हमारी बार।
पास बुलालो शीघ्र ही, अब ना करो अवार।।

।।इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।।

कालसर्प योग निवारनार्थ विशेष अर्घ्य

दोहा– कर्मों के नाशी हुए, पाए केवल ज्ञान।
शिव पथ के राही बने, करते जगकल्याण।।
(मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलि क्षिपेत्)

(शम्भू छन्द)

हे कल्याण धाम पापों के, नाशक तुम हो प्रभो! उदार।
भयाक्रान्त जीवों में भय का, नाश किए हो तुम उपकार।।
पारावार में डूब रहे जो, जीवों को प्रभु पोत समान।
ऐसे श्री जिन पार्श्वनाथ का, करते भाव सहित गुणगान।।1।।

ॐ ह्रीं भवसमुद्र पतज्जन्तु तारणाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गुण गौरव सागर सा जिन का, शब्दों में ना होवे व्यक्त।
वृहस्पति भी गुण गा के हारे, बने आपका अतिशय भक्त।।
कमठासुर के मान भंग को, अग्नि शिखा सम हो जिनदेव।
नाथ! आपकी स्तुति करते, विस्मय पूर्वक भक्त सदैव।।2।।

ॐ ह्रीं अनन्तगुणाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ! आपका रूप सलौना, कैसे करें स्वरूप बखान।
मन्द बुद्धि असमर्थ रहे हम, करने में प्रभु तव गुणगान।।
प्रखर सूर्य की दिव्य कांति में, निज स्वरूप ना लखे उलूक।
वर्णन कैसे कर पाएगा, बैठेगा वह होके मूक।।3।।

ॐ ह्रीं चिद्रूपाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह कर्म का हो विनाश तब, निज अनुभव करते हैं लोग।
शक्ति भले कितनी हो उनकी, गुण वर्णन का पाते योग।।
प्रलय काल होने पर सागर, का जल बाहर तक जावे।
ढेर दिखे रत्नों का भारी, कोइ ना जिनको गिन पावे।।4।।

ॐ ह्रीं गहन गुणाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मैं मतिहीन आप हैं ज्ञानी, गुण रत्नों के हो आगार।
स्तुति करते नाथ! आपकी, अपनी बुद्धी के अनुसार।।

यथा मंदबुद्धी का बालक, अपनी दोनों भुजा पसार।
उत्सुक होकर बतलाता है, कितना सागर का आकार।।5।।

ॐ ह्रीं परमोन्नत गुणाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ! आपके गुण हैं अनुपम, योगी कहने में असमर्थ।
अज्ञानी मुझसा अबोध क्या, कहने में हो सके समर्थ।।
फिर भी निज भक्ती से प्रेरित, हो गुण गाते बिना विचार।
पक्षी ज्यों बातें करते हैं, निज-निज भाषा के अनुसार।।6।।

ॐ ह्रीं अगम्य गुणाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है अचिन्त्य महिमा स्तुति की, हे जिन! करे कौन गुणगान।
मात्र आपका नाम जीव को, भव दुख से देता है त्राण।।
ग्रीष्म ऋतू में तीव्र ताप से, पीड़ित होकर होय अधीर।
पद्म सरोवर की क्या कहना, सुख पहुँचाए सरस समीर।।7।।

ॐ ह्रीं स्तवनर्हाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मन मंदिर में वास करें जब, श्री जिन पार्श्वनाथ भगवन्।
ढीले पड़ जाते कर्मों के, दृढ़तर कर्मों के बन्धन।।
चन्दन तरु पर लिपट रहे हों, काले नाग जहाँ विकराल।
वन में आते ही मयूर के, बन्धन ढीले हों तत्काल।।8।।

ॐ ह्रीं कर्मबन्ध विनाशकाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा–कर्म घातिया नाशकर, बने आप अर्हन्त।
भव सिन्धू को पारकर, पाएँ सौख्य अनन्त।।

ॐ ह्रीं अष्ट दल कमलाधिपतये श्री पार्श्वनाथाय जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

हे जिनेन्द्र! तव दर्शन करके विपदाओं का होय विनाश।
अन्धकार भग जाता जैसे, उदित सूर्य का होय प्रकाश।।

पशुओं को रात्री में जैसे, आकर घेर रहे हों चोर।
गौ स्वामी को देख भागते, डर के कारण होते भोर।।9।।

ॐ ह्रीं दुष्टोपसर्ग विनाशकाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तुमको हृदय बसाने वाला, हो जाता है भव से पार।
भवि जीवों के लिए आप हो, चिन्तन का अनुपम आधार।।
वायू पूरित मसक तैरकर, हो जाती है सागर पार।
मन मंदिर में तुम्हें बसाने, से जीवों का हो उद्धार।।10।।

ॐ ह्रीं सुध्येयाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हरि-हर आदी महापुरुष भी, कामदेव से हारे हैं।
कामदेव के बाण आपने, क्षण में जीते सारे हैं।।
दावानल का पानी जैसे, कर देता है पूर्ण विनाश।
उसी नीर का क्रोधित होकर, बड़वानल कर देता नाश।।11।।

ॐ ह्रीं अनंगमथनाथ क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्य किसी से जिनकी तुलना, करना सम्भव नहीं अरे!।
ऐसे प्रभु के गुण अनन्त का, कैसे कोइ गुणगान करे।।
प्रभु को हृदय बसाते हैं जो, भवसागर तिर जाते हैं।
हैं अचिन्त्य महिमा श्री जिन की, चिन्तन में न आते हैं।।12।।

ॐ ह्रीं अतिशय गुरवे क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सबसे पहले प्रभु आपने, क्रोध शत्रु का नाश किया।
क्रोध बिना फिर कहो आपने, कैसे कर्म विनाश किया।।
बर्फ लोक में ठण्डा होकर, रक्षा कर झुलसाता है।
क्षमाजयी प्रभु तुमरे द्वारा, बैरी जीता जाता है।।13।।

ॐ ह्रीं जितक्रोधाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेष्ठ महर्षी प्रभू आपकी, महिमा अनुपम गाते हैं।
हृदय कमल में ज्ञान नेत्र से, अन्वेषण कर ध्याते हैं।।

कमल कर्णिका श्रेष्ठ बीज का, है पवित्र उत्पत्ति स्थान।
हृदय कमल के मध्य भाग में, शुद्धातम का होता ध्यान।।14।।

ॐ ह्रीं महन्मृग्याय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धातु शिला अग्नी को पाकर, तजती किट्ट कालिमा रूप।
पत्थर की पर्याय छोड़कर, हो जाता है स्वर्ण स्वरूप।।
ऐसे ही संसारी प्राणी, करें आपका निश्चल ध्यान।
परमातम पद पाने वाले, बनें वीतरागी विज्ञान।।15।।

ॐ ह्रीं कर्मकिट्ट दहनाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिस शरीर के मध्य बिठाकर, भविजन तुमको ध्याते हैं।
उस शरीर को आप जिनेश्वर, फिर क्यों नाश कराते हैं।।
राग-द्वेष से रहित जीव का, विग्रह ही स्वभाव रहा।
कायदोष को शमित किया है, सत्पुरुषों ने पूर्ण अहा।।16।।

ॐ ह्रीं देहदेहि कलह निवारकाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जब अभेद बुद्धी के द्वारा, योगी करें आपका ध्यान।
है प्रभाव यह प्रभू आपका, हो जाते हैं आप समान।।
यह अमृत है ऐसी श्रद्धा, करके जल पीते जो लोग।
विष विकार में मंत्रित जल से, होता है क्या नहीं वियोग।।17।।

ॐ ह्रीं संसार विष सुधोपमाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अज्ञानी प्राणी कहते हैं, तुमको ब्रह्मा विष्णु महेश।
अन्यमतावलम्बी पूजा शुभ, करें आपकी श्रेष्ठ जिनेश।।
निश्चित मानो प्यारे भाई, जिनको हुआ पीलिया रोग।
श्वेत शंख भी पीला दिखता, उस बीमारी के संयोग।।18।।

ॐ ह्रीं सर्वजन वन्द्याय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म देशना के अवसर पर, जो आ जाए तुमरे पास।
मानव की क्या बात शोक तरू, हो अशोक का पूर्ण विनाश।।

सूर्योदय होने पर केवल मानव, ही ना पाते बोध।
वनस्पति भी निद्रा तजकर, पा लेती है पूर्ण विरोध॥19॥

ॐ ह्रीं अशोकवृक्ष विराजमानाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सघन पुष्प वृष्टी की जाती, देवों द्वारा अपरम्पार।
डन्ठल नीचे ऊर्ध्व पाँखुड़ी, होती पुष्पों की शुभकार॥
मानो डण्ठल सूचित करते, आते हैं जो तुमरे पास॥
कर्मों के बन्धन भव्यों के, हो जाते हैं पूर्ण विनाश॥20॥

ॐ ह्रीं सुरपुष्पवृष्टि शोभिताय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु गम्भीर हृदय के सागर, से मुखरित हैं दिव्य वचन।
सच है सुधा समान मानते, तीन लोक में सारे जन॥
अमृतवाणी पीके प्राणी, अक्षय सुख पा जाते हैं।
आकुलता को तजने वाले, अजर-अमर पद पाते हैं॥21॥

ॐ ह्रीं दिव्य ध्वनि विराजिताय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चँवर ढुराते देव तो पहले, नीचे फिर ऊपर जाते।
मानो जग जीवों को झुककर, विनय शीलता सिखलाते॥
'विशद' भाव से करते हैं जो, श्री जिनेन्द्र के चरण नमन।
कर्म नाशकर के वह प्राणी, जाते हैं फिर मोक्ष सदन॥22॥

ॐ ह्रीं सुरचामर सहित विराजमानाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिंहासन स्वर्णिम कंचनमय, पर स्थित हैं श्री जिनेश।
दिव्य ध्वनि प्रगटाते अनुपम, श्यामल तन में प्रभा विशेष॥
होता स्वर्ण सुमेरू पर ज्यों, काले मेघों का गर्जन।
हर्षित होकर भव्य मोर ज्यों, करें आपका अवलोकन॥23॥

ॐ ह्रीं पीठत्रय नायकाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भामण्डल दैदीप्यमान शुभ, सुर तरु की छवि लुप्त करे।

स्वयं अचेतन होकर भी जो, प्रभा दिखाए श्रेष्ठ अरे!॥
भव्य जीव हे नाथ! आपकी, स्वयं निकटता में आवे।
वीतराग हो भव्य जीव वह, मोक्ष निकेतन को पावे॥24॥

ॐ ह्रीं भामण्डल मण्डिताय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा-नाथ आपकी भक्ति से, हो कर्मों का नाश।
भवि जीवों को शीघ्र ही, मिलता शिवपुर वास॥

ॐ ह्रीं षोडश दल कमलाधिपतये श्री पार्श्वनाथाय जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

(रोला छन्द)

दुन्दुभि नाद गगन में होवे, देवों द्वारा।
मानो चिल्लाकर कहता, लो चरण सहारा॥
मोक्षपुरी जाना चाहो तो, प्रभु को ध्याओ।
तज प्रमाद हे प्राणी! तुम भी, शिवपद पाओ॥25॥

ॐ ह्रीं देव दुन्दुभिनादाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथ नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन छत्र त्रिभुवन के नाथ! बताने वाले।
तारा गण की छवी युक्त हैं, श्रेष्ठ निराले॥
त्रिविध रूप धारण कर, जैसे चाँद दिखावे।
होकर भाव विभोर प्रभू, सेवा को आवे॥26॥

ॐ ह्रीं छत्रत्रय महिताय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोना चाँदी माणिक से त्रय, कोट बनाए।
तीन लोक के पिण्ड सम्पदा, युक्त कहाए॥
कान्ति कीर्ति व तेज पुञ्ज का, वर्तुल गाया।
पार्श्व प्रभू का समवशरण, जगती पर आया॥27॥

ॐ ह्रीं शालत्रयाधिपतये क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्रों के मुकुटों की दिव्य, सुमन मालाएँ।

नमस्कार के समय चरण में, जो गिर जाएँ।।
मानो वह तव चरणों में, शुभ जगह बनाएँ।
पाद पद्म को छोड़ और, अब कहीं न जाएँ।।28।।

ॐ ह्रीं भक्तजनान वन पतिराय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हुआ अधोमुख पक्व घड़ा, सागर में जावे।
गहन जलाशय से मानव को, पार करावे।।
भव सिंधू से हुए विमुख, हैं संत निराले।
भव्यों को भव तारक, अतिशय महिमा वाले।।29।।

ॐ ह्रीं निज पृष्ट लग्न भय तारकाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक के नाथ आप, निर्धन कहलाए।
तीन काल के ज्ञाता हो, अज्ञानी गाए।।
तुम अक्षर स्वभावी, कोई लिख न पाए।
सर्व चराचर के ज्ञाता, प्रभु आप कहाए।।30।।

ॐ ह्रीं विस्मयनीय मूर्त्तये क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कुपित कमठ ने नभ मण्डल में, धूल गिराई।
तव तन की छाया को भी, वह छू न पाई।।
तिरस्कार की दृष्टी से, जो कार्य कराया।
विफल मनोरथ हुआ, कर्म का बन्धन पाया।।31।।

ॐ ह्रीं कमठोत्थापित धूल्युपद्रव जिताय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गरजे मेघ चमकती बिजली, खूब दिखाई।
जल की वृष्टी महा भयंकर, वहाँ कराई।।
फिर भी पार्श्व प्रभू का, वह कुछ न कर पाया।
अपने हाथों निज पद, मानो खड्ग चलाया।।32।।

ॐ ह्रीं कमठ कृतजलधारोपसर्ग निवारकाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महा भयानक नर मुण्डन की, धारी माला।

और वदन से निकल रही थी, अग्नी ज्वाला।।
भंग तपस्या करने, भूत-प्रेत दौड़ाए।
प्रभु का कुछ न बिगड़ा, कर्म का बन्ध उपाए।।33।।

ॐ ह्रीं कमठकृत पैशाचिकोपद्रव जयनशीलाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुलकित होकर चरण शरण, प्रभु का पा जाते।
तजकर माया जाल, तीन कालों में आते।।
विधिवत् करें अर्चना, हे जगतीपति तेरी।
होगा जीवन धन्य, मिटे भव-भव की फेरी।।34।।

ॐ ह्रीं धार्मिक वन्दिताय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(शम्भू छन्द)

हे मुनीन्द्र! हम कई जन्मों से, दुःख उठाते आए हैं।
कानों से हम नाम आपका, फिर भी न सुन पाए हैं।।
मंत्रोच्चार पूर्वक स्वामी, सुने आपका जो भी नाम।
विपदा रूपी नागिन से वह, पा लेते क्षण में विश्राम।।35।।

ॐ ह्रीं पवित्र नामधेयाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चरण कमल में नाथ आपके, कई जन्मों से ना आए।
मनवांछित फल देने वाले, पूजा तव न कर पाए।।
इसीलिए इस जग के प्राणी, करते हिय भेदी अपमान।
शरण आपकी पाई मैंने, पाएँगे हम फिर सम्मान।।36।।

ॐ ह्रीं पूतपादाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह महातम से आच्छादित, खोल सके न ज्ञान नयन।
निश्चय पूर्वक एक बार भी, किए आपके न दर्शन।
दुःख मर्म भेदी हे स्वामी! इसीलिए बहु सता रहे।
किये दर्श न पूर्व जन्म में, अतः कर्म के घात सहे।।37।।

ॐ ह्रीं दर्शनीयाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभू आपके चरणों की हम, दर्शन पूजन को आए।
यह निश्चय प्रभु नहीं आपको, हृदय में धारण कर पाए॥
भाव शून्य भक्ती करने से, हमने भारी दु:ख सहे।
क्रिया भाव से रहित लोक में, फलदायी न कभी रहे॥38॥

ॐ ह्रीं भक्तिहीन जन माध्यस्थाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथ नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ! दुखी जन के वत्सल हे!, शरणागत को एक शरण।
करुणाकर हे इन्द्रिय जेता, योगीश्वर तव दोय चरण॥
हे महेश! हम भक्ती पूर्वक, झुका रहे हैं पद में शीश।
दूर करो मेरे दुख सारे, यही प्रार्थना दो आशीष॥39॥

ॐ ह्रीं भक्तजन वत्सलाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अशरण शरण शरण प्रतिपालक, जगपति जगती के ईश।
गुण अनन्त के धारी भगवन, कर्म विजेता हे जगदीश!॥
तव पद पंकज में रहकर भी, ध्यान से हम प्रभु रहित रहे।
इसीलिए हे प्रभुवर हमने, कर्मों के घनघात सहे॥40॥

ॐ ह्रीं सौभाग्य दायक पदकमल युगाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अखिल विश्व के ज्ञाता दृष्टा, वन्दनीय इन्द्रों से नाथ!।
भव तारक हे प्रभो! आप हो, करुणाकर त्रैलोकी नाथ!॥
करुण सागर हे जिनेन्द्र! प्रभु, दुखिया का उद्धार करो।
महा भयानक दुख सागर से, मुझको भी प्रभु पार करो॥41॥

ॐ ह्रीं सर्वपदार्थ वेदिने क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हे शरणागत के प्रतिपालक, शरण आपकी हम आए।
किंचित पुण्य कमाया हमने, भक्ति चरण की जो पाए॥
यही चाहते हम भव-भव में, स्वामी मेरे आप रहो।
हम बन सकें आपके जैसे, बनो मेरे आदर्श अहो॥42॥

ॐ ह्रीं पुण्य बहुजन सेव्याय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हे जिनेन्द्र! सावधान बुद्धि से, भव्य पुरुष जो भी आते।
रोमांचित हो मुख अम्बुज के, लक्ष्य बना दर्शन पाते॥
विधी पूर्वक संस्तव रचना, करते हैं जो 'विशद' महान॥
स्वर्गों के सुख पाने वाले, अतिशीघ्र पाते निर्वाण॥43॥

ॐ ह्रीं जन्म जरा मृत्यु निवारकाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जन-जन के शुभ नयन कमल को, विकसाने वाले चन्द्रेश।
स्वर्ग सम्पदा पाने हेतू, करते सहसा स्वर्ग प्रवेश॥
किंचित् काल भोग करके नर, मानव गति में आते हैं।
कर्म शृंखला शीघ्र नाशकर, मोक्ष निकेतन पाते हैं॥44॥

ॐ ह्रीं कुमुदचंद्रयति सेवितपादाय क्लीं महाबीजाक्षर सहित श्री पार्श्वनाथाय नमः मम् कालसर्प दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा–शिव पद पाया आपने, करके आतम ध्यान।
कृपा आपकी प्राप्त हो, करते हम गुणगान॥

ॐ ह्रीं विंशति दल कमलाधिपतये श्री पार्श्वनाथाय जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जापः–ॐ ह्रीं सर्व व्याधि विनाशन समर्थाय श्री पार्श्वनाथाय नमः

2. **ॐ ह्रीं कमठोपसर्ग जिताय श्री पार्श्वनाथाय जिनेन्द्राय नमः**

समुच्चय जयमाला

दोहा– पार्श्वनाथ के चरण में, वन्दन करूँ त्रिकाल।
कल्याण मन्दिर स्तोत्र की, गाता हूँ जयमाल॥

(चौपाई छन्द)

लोकालोक अनन्तानन्त, कहते केवल ज्ञानी संत।
चौदह राजू लोक महान, ऊँचा सप्त राजू पहिचान॥
राजू एक मध्य विस्तार, मध्य सुमेरू अपरम्पार।
दक्षिण दिशा रही, मनहार, भरत क्षेत्र है मंगलकार॥
आर्य खण्ड में भारत देश, जिसमें भाई रहा विशेष।
उज्जैनी नगरी में जान, विक्रम राजा रहे महान॥
उसी नगर में भक्त प्रधान, गंगा में करने स्नान।

वृद्ध महर्षि आए एक, जिनमें गुण थे श्रेष्ठ अनेक॥
योग्य भक्त की रही तलाश, देख भक्त को जागी आश।
श्रेष्ठ वदन था कान्तीमान, सुन्दर दिखता आलीशान॥
धक्का उसे लगाया जोर, वाद-विवाद हुआ फिर घोर।
शिष्य बने जिसकी हो हार, शर्त रखी यह अपरम्पार॥
ग्वाल बाल निकला तब एक, निर्णायक माना वह नेक।
कई श्लोक सुनाए श्रेष्ठ, आगम वर्णित रहे यथेष्ठ॥
ग्वाला उससे था अनभिज्ञ, श्रेष्ठ महर्षि अनुपम विज्ञ।
वह दृष्टांत सुनाए नेक, ग्वाला मुग्ध हुआ यह देख॥
भक्त ने गुरु को किया प्रणाम, कुमुद चन्द रक्खा तब नाम।
क्षपणक जिनका था उपनाम, जिन भक्ति था जिनका काम॥
आप गये चित्तौड़ प्रदेश, दर्श पार्श्व के हुए विशेष।
था स्तंभ वहाँ पर एक, उसमें थे संकेत अनेक॥
उस कुटीर का खोला द्वार, शास्त्र मिला जिसमें मनहार।
एक पृष्ठ पढ़ने के बाद, बन्द हुआ फिर शीघ्र कपाट॥
अदृश वाणी हुई विशेष, भाग्य नहीं पढ़ने का शेष।
एक बार यौगिक ने आन, चमत्कार दिखलाए महान॥
क्षपणक को वह माने ही, बने आप थे ज्ञान प्रवीण।
चमत्कार दिखलाओ यथेष्ट, तब मानेंगे तुमको श्रेष्ठ॥
स्वीकारा क्षण में आह्वान, भक्ति करने लगे महान।
महाकालेश्वर के स्थान, किया कपिल ने यह ऐलान॥
भूप ने कीन्हा यही कथन, दिखने लगे पार्श्व भगवान।
देखा वही श्रेष्ठ स्तंभ, भरा हुआ लोगों का दम्भ॥
''आकर्णितोऽपि'' आदी यह श्रेष्ठ, गुरु ने बोला काव्य यथेष्ठ।
तेजोमय शुभ आभावान, गुरु का तन हो गया महान॥
लोग किए तब बारम्बार, जैनाचार्य की जय-जयकार।
जैन धर्म कीन्हा स्वीकार, लोगों ने मुनिवर के द्वार॥
कल्याण मन्दिर यह स्तोत्र, मिला धर्म का अनुपम स्रोत।

(धत्तानन्द छन्द)

जय-जय जिन त्राता मुक्तिदाता, पार्श्वनाथ जिनवर वन्दन॥
जय मोक्ष प्रदाता भाग्य विधाता, तव चरणों में करूँ नमन्।

ॐ ह्रीं कमठोपद्रव जिताय कालसर्प दोष शांतिकारक कल्याणकारी श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय समुच्चय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा– पुष्पाञ्जलि यह नाथ!, करते हैं हम भाव से।

श्री जिन सहस्रनाम मन्त्रावली

1. ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमते नमः
2. ॐ ह्रीं स्वयं भुवे नमः
3. ॐ ह्रीं अर्हं वृषभाय नमः
4. ॐ ह्रीं अर्हं शम्भवाय नमः
5. ॐ ह्रीं अर्हं शम्भवे नमः
6. ॐ ह्रीं अर्हं आत्मभुवे नमः
7. ॐ ह्रीं अर्हं स्वयं प्रभाय नमः
8. ॐ ह्रीं अर्हं प्रभवे नमः
9. ॐ ह्रीं अर्हं भोक्त्रे नमः
10. ॐ ह्रीं अर्हं विश्वभुवे नमः
11. ॐ ह्रीं अर्हं अपुन र्भवाय नमः
12. ॐ ह्रीं अर्हं विश्वात्मने नमः
13. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व लोकेशाय नमः
14. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व तश्चक्षुषे नमः
15. ॐ ह्रीं अर्हं अक्षराय नमः
16. ॐ ह्रीं अर्हं विश्वविदे नमः
17. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व विद्येशाय नमः
18. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व योनये नमः
19. ॐ ह्रीं अर्हं अनश्वराय नमः
20. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व दृश्वने नमः
21. ॐ ह्रीं अर्हं विभवे नमः
22. ॐ ह्रीं अर्हं धात्रे नमः
23. ॐ ह्रीं अर्हं विश्वेशाय नमः
24. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व लोचनाय नमः
25. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व व्यापिने नमः
26. ॐ ह्रीं अर्हं विधये नमः
27. ॐ ह्रीं अर्हं वेधसे नमः
28. ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वताय नमः
29. ॐ ह्रीं अर्हं विश्वतोमुखाय नमः
30. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व कर्मणे नमः
31. ॐ ह्रीं अर्हं जगज्ज्येष्ठाय नमः
32. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व मूर्तये नमः
33. ॐ ह्रीं अर्हं जिनेश्वराय नमः
34. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व दृशे नमः
35. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व भूतेशाय नमः
36. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व ज्योतिषे नमः
37. ॐ ह्रीं अर्हं अनीश्वराय नमः
38. ॐ ह्रीं अर्हं जिनाय नमः
39. ॐ ह्रीं अर्हं जिष्णवे नमः
40. ॐ ह्रीं अर्हं अमेयात्मने नमः
41. ॐ ह्रीं अर्हं विश्व रीशाय नमः
42. ॐ ह्रीं अर्हं जगत्पतये नमः
43. ॐ ह्रीं अर्हं अनन्तजिते नमः
44. ॐ ह्रीं अर्हं अचिन्त्यात्मने नमः
45. ॐ ह्रीं अर्हं भव्य बन्धवे नमः
46. ॐ ह्रीं अर्हं अबन्धनाय नमः
47. ॐ ह्रीं अर्हं युगादि पुरुषाय नमः
48. ॐ ह्रीं अर्हं ब्रह्मणे नमः
49. ॐ ह्रीं अर्हं पञ्च ब्रह्मयाय नमः
50. ॐ ह्रीं अर्हं शिवाय नमः
51. ॐ ह्रीं अर्हं पराय नमः
